पताराम बनाम गणपत
2025/139
निर्णय दिनांकः—03.07.2025

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर
(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025/139 दर्ज तिथिः—17.04.2025

1. पताराम पुत्र मालाराम
2. वगताराम पुत्र मालाराम
   जाति सुथार निवासी अरटवाव, ग्राम पंचायत अरटवाव तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

..........................प्रार्थीगण

**बनाम**

1. गणपत पुत्र राणाराम
2. पुरखाराम पुत्र राणाराम
3. हनुमानराम पुत्र राणाराम
4. पांचुदेवी पत्नी राणाराम
5. बाबुलाल पुत्र छोगाराम
6. भंवरलाल पुत्र छोगाराम
7. हंजारीराम पुत्र छोगाराम
8. हीराराम पुत्र छोगाराम
9. तुलसीदेवी पत्नी छोगाराम कौम सुथार
10. खेताराम पुत्र पदमाराम
11. चनणाराम पुत्र पदमाराम
12. खुमाराम पुत्र पुरखाराम
13. मघाराम पुत्र पुरखाराम
14. घमाराम पुत्र हुकमाराम
15. सुखदेव पुत्र हुकमाराम
16. पुरखाराम पुत्र धनाराम
17. नगाराम पुत्र कलाराम
18. पनाराम पुत्र कलाराम
19. अमृतलाल पुत्र उमाराम
20. किशनसिंह पुत्र उमाराम
21. चनणीदेवी पत्नी उमाराम
22. सवाराम पुत्र हरचन्दराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.17 18:56:58 IST
Reason: SelfAttested

23. गोगाराम पुत्र खेमाराम
24. जेठाराम पुत्र खेमाराम
25. थानाराम पुत्र खेमाराम
26. लाली पत्नी खेमाराम
27. भोमाराम पुत्र नैनाराम
28. रामाराम पुत्र नैनाराम
29. कसुम्बी पत्नी नैनाराम
30. राउराम पुत्र खेताराम
31. मु. सजनी पत्नी खेताराम
32. नवलाराम पुत्र प्रेमाराम
33. बागाराम पुत्र प्रेमाराम
34. शेराराम पुत्र प्रेमाराम
35. भगवानाराम पुत्र फुआराम
36. चिमनाराम पुत्र फुआराम
37. रूघाराम पुत्र फुआराम
38. जेताराम पुत्र प्रेमाराम
39. निम्बाराम पुत्र प्रेमाराम
40. मगाराम पुत्र प्रेमाराम
41. नथूदेवी पत्नी लिखमाराम
42. प्रकाशकुमार पुत्र लिखमाराम
43. सुरेश कुमार पुत्र लिखमाराम
44. प्रेमाराम पुत्र मालाराम
45. भगाराम पुत्र रूपाराम
46. मगाराम पुत्र पुराराम
47. हीराराम पुत्र पुराराम
48. किशनाराम पुत्र भीयाराम
49. नेनूदेवी पत्नी भीयाराम
50. सूखीदेवी पत्नी रघूवीर
51. सीमादेवी पत्नी किशनाराम
52. कमीदेवी पत्नी दौलाराम
53. नाबालिग नरेशकुमार पुत्र दौलाराम
    संरक्षक वली माता कमीदेवी पत्नी दौलाराम
54. नाबालिग पारस कुमार पुपत्र दौलाराम
    संरक्षक वली माता कमीदेवी पत्नी दौलाराम
55. नाबालिग मोहन कुमार पुत्र दौलाराम
    संरक्षक वली माता कमीदेवी पत्नी दौलाराम कौम जाट
56. फोटाराम पुत्र मेहाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar
Meena
Date: 2025.09.17 18:56:58 IST
Reason: SelfAttested

57. सगताराम पपुत्र मेहाराम कौम लोहार
58. आदूराम पुत्र छोगाराम
59. हापूराम पुत्र छोगाराम
60. खींवणी पत्नी छोगाराम
61. बाबूराम पुत्र हराराम
62. भींयाराम पुत्र काछबाराम
63. रामाराम पुत्र हराराम

कौम विश्नोई निवासी अरटवाव ग्राम पंचायत अरटवाव तहसील गुड़मालानी जिला बाड़मेर

.................असल अप्रार्थीगण

64. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार गुडामालानी

....................तरमीम अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः– श्री चिमनसिंह चौधरी
अप्रार्थीगणः– एकतरफा।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

**–:निर्णयः–**

निर्णय तिथिः–03.07.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 412 / 27.3567 है0 मौजा अरटवाव पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान तहसील गुडामालानी में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुड़ामालानी के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया। जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी के आदेशांक दिनांक 20.03.2025 की पालना में दिनांक 25.04.2025 को पटवारी हल्का द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी की पत्थरगढ़ी दिनांक 25.04.2025 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.17 18:56:58 IST
Reason: SelfAttested

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बाद तामिल अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 25.04.2025 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***111. Decision of disputes as to boundaries.—(1)*** *In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***128. Boundary disputes. -*** *All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> *Provided that applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.17 18:56:58 IST
Reason: SelfAttested

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी सम्वंत 2073—2076 जमाबंदी 2078(वर्ष2021) से स्थायी ग्राम अरटवाव में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम अरटवाव के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 25.04.2025 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 412/27.3567 है0 मौजा अरटवाव पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान तहसील गुड़ामालानी पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगढ़ी कर सीमा निर्धारण किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 03.07.2025 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.17 18:56:58 IST
Reason: SelfAttested